# होराबरा से रेत के पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, चार छोड़ दिए, थाना प्रभारी सहित 7 सस्पेंड

## चिन्नौनी थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी ने ही वीडियो बनाकर किया वायरल





रेत की एकमात्र ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ खड़े थाना प्रभारी शंभू सिंह व अन्य पुलिसकर्मी दूसरे चित्र में चिनौनी पुलिस द्वारा पकड़े गए रेत के ट्रैक्टर

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** चिन्नौनी थाना पुलिस ने 16 फरवरी को होराबराह के बीहड़ों में चंबल का रेत भरकर ला रहीं पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी। लेकिन थाना प्रभारी शंभू दयाल ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़ दिया, जबकि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकडना बताकर आला अफसरों को अवगत करा दिया। इस मामले का वीडियो बुधवार को वायरल हुआ, जिसमें थाने में ही पदस्थ एक पुलिसकर्मी रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोडने की बात कहता हुआ सुनाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने थाना प्रभारी, वीडियो वायरल करने वाले पुलिस जवान सहित सात लोगों को सस्पेंड करने के आदेश देर शाम को जारी किए।

यहां बता दें कि चंबल नदी के होराबराह घाट से रोज सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रेत भरकर ले जाती हैं। 16 फरवरी को चिन्नौनी थाना पुलिस ने बीहड़ों में क्रमबद्ध तरीके से निकल रहे रेत के पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। जिसका वीडियो मौके पर मौजूद ग्रामीण ने बना लिया, जिसमें चिन्नौनी थाने के पुलिसकर्मी भी नजर आ रहे हैं। लेकिन इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को थाने ले जाने के बाद सांठगांठ कर छोड़ दिया गया।

### पुलिसकर्मी ने ग्रामीण के जरिए वीडियो बनवाकर किया वायरल

चिन्नौनी थाने में पकड़े गए रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़े जाने का एक वीडियो रात के वक्त ग्रामीण ने बनाया, जिसमें थाना परिसर में ही रेत के ढेर लगे दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण इस वीडियो में बोलता हुआ नजर आ रहा है कि रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉली पकडने के बाद छोड़ दिए गए।

### अफसरों तक पहुंचा मामला, थाना प्रभारी सहित सात सस्पेंड

चिन्नौनी थाने में रेत के वाहनों को पकडक़र छोडने के मामले का वीडियो आला अफसरों तक भी पहुंच गया है। खबर है कि पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने थाना प्रभारी शंभूदयाल व वीडियो वायरल करने वाले पुलिसकर्मी को बुलाकर उनसे जबाव-तलब किया है। इस मामले में देर शाम थाना प्रभारी शंभूदयाल, वीडियो वायरल करने वाले एएसआई कमलेश कुमार सहित पांच आरक्षकों को निलंबित करने के आदेश जारी किए।

**मामले की जांच कर रहे हैं ....**

चिन्नौनी थाने में रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़े जाने का वीडियो वायरल हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है।

**सुरेंद्रपाल सिंह डाबर,**
**एएसपी मुरैना**

# हा.से. बोर्ड परीक्षा : नकल करते 3 परीक्षार्थी पकड़े, 732 अनुपस्थित

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडलए मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हायर सेकेण्ड्री बोर्ड में जिले के 76 केन्द्रों पर बुधवार को रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन, कृषि विज्ञान, गणित के मूल तत्व, गृह प्रबंधन, ड्रॉइंग एवं पेंटिंग विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई। केन्द्रों पर पंजीकृत 23 हजार 448 परीक्षार्थियों में से 22 हजार 716 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 732 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के दौरान कुल 3 नकल प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें अशासकीय मॉडल कॉन्वेंट स्कूल उमावि पोरसा, अशासकीय पं. नेहरू कॉलेज बानमौर भाग-1 तथा अशासकीय पं. नेहरू कॉलेज बानमौर भाग-2 में एक-एक परीक्षार्थी के विरुद्ध नकल प्रकरण दर्ज किया गया है। मुरैना शहर में शिक्षा नगर रोड स्थित शासकीय नवीन हाईस्कूल क्रमांक-1 में बुधवार को हायरसेकेंडरी परीक्षा में परीक्षार्थियों को खुले में बैठाया गया।

### जिपं सीईओ ने 3 परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत बुधवार को रसायन शास्त्र, इतिहास आदि विषयों के प्रश्नपत्र की परीक्षा के दौरान जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने मुरैना शहर में अशासकीय जेएस पब्लिक स्कूल, उत्कृष्ट उमावि क्रं. 1 तथा अशासकीय गंगा पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया।

# एग्जाम ड्यूटी में लगे शिक्षकों को स्टूडेंट ने दी धमकी

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 18 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के तत्वाधान में चल रही बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी दे रहे एक शिक्षक को छात्रों ने ही जान से मारने की धमकी दे दी। शिक्षक ने थाने में लिखित आवेदन देकर इसकी शिकायत की है। शिक्षक संजय पाराशर ने बताया कि 18 फरवरी को बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय की परीक्षा केंद्र पर मेरी ड्यूटी लगी थी। पेपर के दौरान मैने सभी बच्चों को शांतिपूर्वक अनुशासित ढंग से पेपर देने के लिए कहा। इस पर पेपर देने आए छात्र आदिल यादव पुत्र दीवान यादव चिढ़ गया। पेपर खत्म होने के बाद जब शिक्षक परीक्षा केंद्र के गेट पर आया तो आदिल ने मुझे गालियां दी। उसके साथ कुछ लड़के भी थे, जो हाथों में लाठी-डंडा लेकर खड़े थे। अनिष्ट की आशंका से मैं पुन: परीक्षा केंद्र के अंदर चला गया और केंद्राध्यक्ष को पूरी घटना से अवगत कराया। पीड़ित शिक्षक ने लिखित आवेदन देकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# विवाद में गोली मारकर युवक की हत्या

## 4 नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या की एफआईआर

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** सरायछौला क्षेत्र के ग्राम रिठौराखुर्द में 18 फरवरी की सुबह करीब 8.30 बजे रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने 4 नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रिठौराखुर्द गांव में रहने वाला महादेव सिंह गुर्जर 25 पुत्र गब्बर सिंह गुर्जर 18 फरवरी की सुबह करीब 8.30 बजे आमरास्ते से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान गांव के ही रनवीर गुर्जर वगैरह ने उसे रास्ते से न गुजरने को कहा। इसी बात को लेकर महादेव का रनवीर वगैरह से विवाद हो गया। विवाद के दौरान रनवीर और उसके साथियों ने गालियां देना शुरू कर दिया।



विवाद बढ़ने पर रनवीर और उसके साथियों ने 315 बोर बंदूक से फायरिंग की, एक गोली महादेव के सीने में बांयी ओर लगी, जिससे महादेव गुर्जर मौके पर ही ढेर हो गया। महादेव की हत्या करने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले।

सूचना मिलने के बाद सरायछौला पुलिस मौके पर पहुंचीं और लहूलुहान अवस्था में पड़े महादेव गुर्जर को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक महादेव के चाचा जबर सिंह गुर्जर की रिपोर्ट पर रामनिवास गुर्जर पुत्र रामस्वरूप, भूरा पुत्र मुन्नालाल, रनवीर पुत्र कप्तान सिंह, ऐंदल गुर्जर पुत्र गोपी सिंह गुर्जर निवासीगण रिठौराखुर्द सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा-296 (ए), 126 (2), 115 (2), 103 (1), 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# राजस्व निरीक्षक रविशंकर का प्रमोशन, बने नायब तहसीलदार



नवभारत न्यूज

**मुरैना/कैलारस, 18 फरवरी।** तहसील कैलारस में पदस्थ राजस्व निरीक्षक रविशंकर शर्मा को राज्य शासन ने पदोन्नत करते हुए नायब तहसीलदार के रूप में श्योपुर जिले में पदस्थ किया है।

श्री शर्मा की पदोन्नति को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता और जनहित के प्रति निरंतर समर्पण का प्रतिफल माना जा रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्व से जुड़े मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण, आमजन से सहज संवाद और जिम्मेदार प्रशासनिक दृष्टिकोण के माध्यम से अलग पहचान बनाई। सहकर्मियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री शर्मा ने अपने दायित्वों का निर्वहन सदैव ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ किया। उनकी पदोन्नति न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण भी है।

## मनीष तिवारी कर्मचारी कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष बने



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र निगम ने शिक्षक संगठन के नेता मनीष तिवारी को कर्मचारी कांग्रेस में चंबल संभाग के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। श्री तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्हें बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष उदयभान शर्मा, शेखर कुमार, केशव गुर्जर, विवेक श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव, जयनारायण मीणा आदि शामिल है।

# बदला मौसम, सर्द हवाएं चलीं, बूंदाबांदी से 5 डिग्री लुढ़का पारा

## बादलों के बरसने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** फरवरी में लगातार बढ़ रहे तापमान की रफ्तार फिलहाल थम गई है। पश्चिमी राजस्थान सहित पाकिस्तान में बने विक्षोभ के प्रभाव से मंगलवार-बुधवार की रात अचानक हवा का रुख बदला और हवाओं में ठंडक का अहसास होने लगा। बुधवार को सुबह से ही सर्द हवा के साथ बादल छाए रहे, जिसकी वजह से दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच अचानक रिमझिम फुहारें गिरने से मौसम और खुशमिजाज हो गया। हालांकि बारिश की आशंका से किसान चिंतित नजर आए।



यहां बता दें कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम पारा 15 डिग्री था। मौसम में अचानक आए बदलाव से दिन का तापमान 5 डिग्री लुढ़ककर 27 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान भी एक डिग्री घटकर 14 डिग्री पर आ गया। बुधवार को मुरैना शहर सहित अंबाह-पोरसा, जौरा, कैलारस, सबलगढ़, रामपुरकलां, पहाड़गढ़ और बानमोर क्षेत्र में भी बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। तकरीबन 10 से 15 मिनट की बूंदाबांदी से ही शहर की सड़कें गीली हो गई।

### तेज बारिश होने पर गेहूं-सरसों में होगा नुकसान, किसान चिंतित


यहां बता दें कि इस समय खेतों में किसानो की गेहूं और सरसों फसल पककर तैयार है। सरसों फसल तो कई जगह कटने भी लगी है। अगर तेज बारिश हुई तो सरसों फसल की बालियां भीगकर धूप खिलते ही चटक जाएंगी, जिससे उत्पादन कम होने का डर रहेगा। वह अगर तेज बारिश हुई तो हवा से गेहूं की फसल खेतों में फैल जाएगी, जिससे दाना खराब हो जाएगा।

# जनगणना-2027 : राजस्व अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** जनगणना 2027 पूर्व की जनगणनाओं की भांति इस बार भी दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण का काम किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी संकलित की जाएगी। प्रथम चरण की तैयारियों के क्रम में जिलास्तर पर जनगणना पदाधिकारियों एवं जनगणना अधिकारियों (राजस्व) का द्वितीय प्रशिक्षण बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर डॉ. रघुवंश मणि ने अधिकारियों को जनगणना प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा विभिन्न पोर्टलों के उपयोग संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# विश्व में सर्व मंगल कामना करने वाला सिर्फ हिंदू : डॉ. कृष्णगोपाल





## आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी में सह सरकार्यवाह ने कहा

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 फरवरी।** विश्व में हिंदू ही ऐसा है तो कहता है कि सभी मत पंथ अच्छे हैं। हिंदू का मतलब जो किसी के भी दुख को देखकर दुखी हो जाता है और उसके सहयोग के लिए प्रयास करता है। हिन्दू ही ऐसा धर्म है जिसका पालन करने वाले लोग सभी की समृद्धि की कामना करते हैं। पीड़ित का सहयोग करना हिन्दू का मूल स्वभाव है। वह अपने परिवार के साथ समाज की चिंता व सम्मान भी करता है। इसके विपरीत अन्य धर्म में स्वयं की ही समृद्धि व मंगलकामना की महत्वाकांक्षा रहती है। अन्य धर्म के साथ हिन्दू धर्म का यह मूल अंतर है।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने प्रबुद्धजन गोष्ठी को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। गोष्ठी पुलिस लाईन स्थित सभागार में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की नगर इकाई द्वारा आयोजित की गई थी। गोष्ठी में शहर के चिकित्सक, इंजीनियर, विभिन्न समाज प्रमुख सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा कि विगत कुछ दशकों से हिन्दू की इस मूल भावना में परिवर्तन देखा गया। उसका परिणाम गरीबी, जातिवाद, भाषाई, भेदभाव तथा अन्य समस्या उत्पन्न होना है। एकजुटता का अभाव होने से आज कुछ लोग प्रभावशाली हो रहे हैं। जबकि भारत की परंपरा सभी धर्म को अच्छा मानती है। सभी धर्म प्रेम की भाषा सिखाते हैं। इसलिये व्यक्ति को अपना आचरणए व्यवहार उत्तम रखना चाहिए। उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता के संदेशों का उल्लेख करते हुये कहा कि आज नई पीढ़ी को संस्कार देने की आवश्यकता है। इसके लिये जन चेतना का कार्य निरंतर होना चाहिए।

वहीं नई पीढ़ी को यह संदेश दिया कि सहन शक्ति की क्षमता में वृद्धि होने के साथ क्रोध समाप्त कर देना चाहिए और जीवन को सुखी व समृद्ध बनाने के लिये आशा व महत्वाकांक्षा को कम रखना चाहिए। जीवन में क्षमाए कृपा और समान भाव रखने वाला ही समृद्धि के मार्ग पर प्रशस्त होगा। उन्होंने पूजा के साथ किसी भी कार्य को पवित्र भाव से करने का संदेश दिया। वहीं मजबूत बनने के लिये समस्या को प्राथमिकता से निराकृत करना बताया। इस अवसर पर विभाग संघ चालक महेन्द्र शर्मा तथा नगर संघ चालक महेश मोदी भी मंचासीन थे। संगोष्ठी की प्रस्तावना मानवेन्द्र राणा तथा आभार मनोज वर्मा ने व्यक्त किया। संचालन भारतेन्दु तोमर ने किया।



## दक्षिण मंडल ने जिलाध्यक्ष को सौंपी आजीवन सहयोग निधि

**मुरैना, 18 फरवरी।** भाजपा के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर भाजपा के मुरैना शहर के दक्षिण मंडल के अध्यक्ष धीरज शर्मा सोनू ने आजीवन सहयोग निधि की राशि का चैक बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह को सौंपा।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडलों को दिए गए आजीवन सहयोग निधि के लक्ष्य के अनुरूप भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा मुरैना विधानसभा में सर्वप्रथम आर्थिक सुचिता एवं स्वावलंबन हेतु आजीवन सहयोग निधि वर्ष-2026 के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया। इस राशि का चैक मंडल अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बुधवार को भाजपा दफ्तर पर जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह को सौंपा। इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि जिला प्रभारी हमीर पटेल, विस प्रभारी राजीव कंषाना, महामंत्री सुनील जाटव, राजेश रामनाथ सिकरवार आदि उपस्थित थे।

## मछुआरों से मिले मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष

**मुरैना, 18 फरवरी।** मप्र मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना पहुंचें। इस दौरान उन्होंने नवीन कलेक्ट्रेट भवन स्थित सहायक संचालक, मत्स्योद्योग कार्यालय में जिले में संचालित विभागीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मत्स्य पालन एवं मछुआरों के कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मछुआ समुदाय के समग्र विकास हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एलआईजी प्रथम-291 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्री श्याम किशोर भटनागर पुत्र स्व. श्री बेनीप्रसाद भटनागर को आवंटित किया गया था, इनकी मृत्यु उपरांत नामांकित व्यक्ति श्री गोपाल किशोर भटनागर पुत्र स्व. श्री श्याम किशोर भटनागर द्वारा उक्त भवन क्रं. एलआईजी प्रथम-291 को अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**संपति प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल**
**संभाग-मुरैना म.प्र.**

**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एलआईजी द्वितीय-1102 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी श्री हरीराम शर्मा को आवंटित किया गया था, इनकी मृत्यु उपरांत नामांकित व्यक्ति श्री हरीराम शर्मा पुत्र श्री ग्यासीराम शर्मा द्वारा उक्त भवन क्रं. एलआईजी द्वितीय-1102 को अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**संपति प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल**
**संभाग-मुरैना म.प्र.**

**आम सूचना**

श्री विश्राम सिंह एवं श्री लोकेश सिंह तोमर पुत्रगण श्री केशव सिंह तोमर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.976, स्थित ग्राम अलापुर, प.ह.नं.62, परगना जौरा व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.16 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.354/1 एवं 354/3 ग्राम अलापुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं :- पूर्व-सरकारी नहर, पश्चिम-जेल रोड, उत्तर-भवन श्रीमती मीना तोमर एवं दक्षिण-भवन श्री महेन्द्र सिंह सिकरवार है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री आदि राम, श्री रामनिवास, श्री मनोज पुत्रगण श्री श्रीलाल द्वारा श्री केशव सिंह पुत्र श्री प्रभू सिंह एवं श्रीमती मीना पत्नी श्री रविन्द्र सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1914 दिनांक 10.12.2001 से विक्रय की गई। श्री केशव सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री विश्राम सिंह एवं श्री लोकेश सिंह तोमर पुत्रगण श्री केशव सिंह तोमर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी27आईजीआर17892025ए100023667 दिनांक 13.01.2025 से विक्रय की गई। श्री विश्राम सिंह एवं श्री लोकेश सिंह तोमर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**

# रातोंरात सड़क पर रखा भगवान परशुराम का शिला स्तंभ, हटवाया

## कैलारस में बिना अनुमति पहाड़गढ़ रोड पर रखी गई थी शिला

नवभारत न्यूज

**मुरैना/कैलारस, 18 फरवरी।** कस्बे में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कुछ असामाजिक तत्वों ने रातोंरात पहाड़गढ़ रोड पर भगवान परशुराम का नाम लिखी शिला को सड़क पर स्थापित कर दिया। सुबह जैसे ही इसकी खबर फैली तो नगरपालिका और प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ इस शिला को हटाने पहुंचे। वहीं सामान्य वर्ग के लोग एकत्रित हो गए।

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जैसे-तैसे लोगों को समझाइश देकर बमुश्किल शिला को





हटवाया। इस मौके पर एसडीओपी उमेश मिश्रा, नगर निरीक्षक वीरेश कुशवाह, नगर परिषद सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया के साथ पुलिस बल एवं नगरीय प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे।